27.06.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश को साढे 300 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए शिक्षा, कृषि और उद्योग क्षेत्र में आधुनिक तकनीक से बदलाव पर जोर दिया।

○ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एमएसएमई को विकास का मजबूत तंत्र बताया।

○ चिली के उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मण्डल ने खेतड़ी कॉपर प्रोजेक्ट का दौरा किया–दोनों देशों के बीच खनन क्षेत्र में तकनीकी आदान–प्रदान और संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर सहमति बनी।

○ प्रदेशभर में मॉनसून की सक्रियता से बांधों में पानी की अच्छी आवक–चम्बल नदी पर बने तीनों बांध लबालब।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश को साढे 300 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कई पहल कर रही है। इसके लिए शिक्षा, कृषि और उद्योग क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए कई बदलाव लाये जा रहे हैं। श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री निवास पर कृषि क्षेत्र सुधार, युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देने और मल्टीमॉर्डल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने के बारे में आयोजित बैठक में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती में एआई को बढावा देने से इस क्षेत्र की चुनौतियों को दूर किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को फ्यूचर रेडी–इण्डस्ट्री रेडी बनाने के लिए कौशल प्रशिक्षण पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को विश्व स्तरीय रोजगारपरक प्रशिक्षण देने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिये। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य में निवेश अनुकूल औद्योगिक वातावरण तैयार करने के लिए प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्रों में लॉजिस्टिक्स लागत में कमी लाने और कनेक्टिविटी को बढावा देने के लिए राजस्थान लॉजिस्टिक पॉलिसी 2025 लागू की गई है।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के आर्थिक विकास के लिए मजबूत एम.एस.एम.ई. तंत्र को जरूरी बताया है। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम अर्थव्यवस्था का सशक्त स्तंभ है। आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय एम.एस.एम.ई. दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत, विनिर्माण क्षेत्र में 36 प्रतिशत और निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान है।
राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि कृषि के बाद एम.एस.एम.ई. क्षेत्र देश में सबसे ज्यादा रोजगार अवसर मुहैया करा रहा है।

000

भारत और चिली के बीच खनन क्षेत्र में सहयोग के लिए दोनों देशों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। चिली की सरकारी खनन कम्पनी कोर्डेल्को की टीम ने आज खेतड़ी कॉपर प्रोजेक्ट के तहत कोलिहान और चांदमारी खदानों का निरीक्षण किया। दल ने खदान में गहराई तक जाकर खनन कार्य प्रणाली को देखा। इसके बाद दोनों देशों के प्रतिनिधि मण्डल ने खनन सुरक्षा, पर्यावरणीय प्रबंन्ध और संसाधन उपयोग पर चर्चा की। खेतड़ी कॉपर कॉम्पलेक्स के कैमिकल विंग उपमहाप्रबन्धक जसवंत कुमार राजोरा ने बताया कि इस दौरान दोनों देशों के बीच तकनीकी आदान–प्रदान और संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर सहमति बनी।

000

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी ने आज बीकानेर में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया। पत्रकारों से बातचीत में श्रीमती ईरानी ने कहा कि आपातकाल के दौरान अभिव्यक्ति की आजादी छीनी गई। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती के लिए महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। श्रीमती ईरानी ने महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण पर भी जोर दिया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मन की बात मासिक कार्यक्रम आगामी रविवार को होगा। ये इस रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। साथ ही ये कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा प्रधानमंत्री कार्यालय के यू ट्यूब चैनलों पर भी उपलब्ध होगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफार्म वेवज़ पर भी मिलेगी।

000

राज्य में पिछले एक हफ्ते से सक्रिय मॉनसून अब सभी हिस्सों में पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आज 23 जिलों में बरसात का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही उदयपुर, जयपुर और भरतपुर संभाग में बारिश की गतिविधियां अगले एक सप्ताह तक जारी रहने की संभावना जताई है।

इस बीच अगले दो दिनों में कहीं—कहीं भारी बारिश भी हो सकती है। पाली जिले के रानी, खीमेल, विद्याबाड़ी और आसपास के क्षेत्रों में घंटेभर मूसलाधार बारिश हुई। करौली, धौलपुर, झालावाड़, जैसलमेर और आसपास के क्षेत्रों में भी हल्की से मध्यम बरसात हुई। बारां के केलवाड़ा में भी जोरदार बारिश के समाचार हैं। राजधानी जयपुर में भी बीती रात से रूक—रूक कर बरसात का दौर चला। बूंदी, बारां, झालावाड़, चित्तौडगढ़, उदयपुर, कोटा, भीलवाड़ा, टोंक, करौली, सिरोही, प्रतापगढ़ में भी 1—1 सेंटीमीटर बरसात दर्ज हुई। पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 13 सेंटीमीटर बारिश बांसवाड़ा के सज्जनगढ में हुई। जिले के सल्लोपाट, वेजा, अरथूना, कुशलगढ में भी झमाझम बारिश हुई। इसके अलावा डूंगरपुर, बारां, दौसा और जयपुर के जमवारामगढ में भी 6 सेंटीमीटर से अधिक पानी बरसा। अच्छी बरसात से बांधों में पानी की आवक बनी हुई है। कोटा से हमारे संवाददाता ने बताया कि कोटा बैराज और जवाहर सागर तथा राणा सागर बांध सहित अन्य छोटे—बड़े बांधों पर बारिश का सिलसिला बना हुआ है। जून महीने में ही चम्बल नदी पर बने तीनों बांध लबालब हो गये हैं।

.....................

बीसलपुर बांध में पानी की आवक आज लगातार तीसरे दिन भी जारी ही और अब इसका जल स्तर आज बढकर 312 दशमलव 57 आरएल मीटर तक पहुंच गया है।

000

उदयपुर में आरएनटी मेडिकल कॉलेज में पिछले दिनों करंट लगने से हुई एक डॉक्टर की मौत के मामले को लेकर अजमेर के जेएलएन अस्पताल के रेजीडेंट डॉक्टरों ने आज तीसरे दिन भी काम का बहिष्कार किया। अजमेर के राजस्थान मेडिकल कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. संजीव महेश्वरी ने राज्य सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और पीड़ित परिवार को सहायता देने की मांग की।

000

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कहा है कि नये मतदाताओं को जोड़ने और उन्हें जागरूक करने के लिए से कॉलेजों में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब्स की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाए। श्री महाजन आज जयपुर में सुलभ चुनाव पर राज्य संचालन समिति की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने चिकित्सा, सामाजिक न्याय, उच्च शिक्षा सहित अन्य विभागों को अपनी वेबसाइट पर वोटर रजिस्ट्रेशन पोर्टल का लिंक अनिवार्य रूप से

प्रदर्शित करने के निर्देश दिये। श्री महाजन ने कहा कि इसके साथ ही विभागों की ओर से नागरिकों से प्राप्त किए जाने वाले आवेदन प्रपत्रों में मतदाता पंजीकरण संबंधी विकल्प भी आवश्यक रूप से शामिल किया जाए। चुनाव आयोग की 'नो वोटर लेफ्ट बिहाइंड' पहल के तहत 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पात्र नागरिकों को मतदाता के रूप में पंजीकृत करने के लिए राज्य निर्वाचन विभाग की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

**000**

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की विश्वप्रसिद्ध वार्षिक रथ यात्रा आज से शुरू हो रही है। इसमें भाग लेने के लिए देश–विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचे हैं। भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की शोभायात्रा आज सुबह भक्तिभाव और उत्साह के साथ निकाली गई। इसमें पुजारियों द्वारा देवताओं के विग्रह को जगन्नाथ मंदिर गर्भगृह से उनके राजसी रथों तक ले जाया गया। पुरी की तर्ज पर प्रदेश में भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के आयोजन हो रहे हैं। कोटा, बारां, धौलपुर, चित्तौडगढ़ में जगन्नाथ मन्दिरों में अभिषेक और पूजन कार्यक्रम किये गये। पालकी निकाली गई और प्रसादी वितरण हुआ। राजधानी जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर में भी रथयात्रा महोत्सव आयोजित हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

**000**